| Class- X | | Subject- हिन्दी 'ब'(085) |
|---|---|---|
| Time 3 घंटे | | Max. Marks - 80 |

| | DESCRIPTION | M.M |
|---|---|---|
| | सामान्य निर्देश :-<br>1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ \|<br>2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है \|<br>3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए \| | |
| | **खंड - 'क'**<br>**(अपठित-अंश)** | |
| प्रश्न सं. 1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>डार्विन ने सन् 1872 में एक पुस्तक लिखी थी - मानव और पशुओं में भावनाओं की अभिव्यक्ति\| पुस्तक का प्रतिपाद्य था कि मनुष्य से इतर भी जो चर प्राणी हैं वे सुख - दुःख आदि का अनुभव कुछ उसी तरह करते हैं जिस तरह मनुष्य, यथा - चोट लगने पर पीड़ा का अनुभव , खाली पेट क्षुधा का अनुभव, नर - मादा के रूप में पारस्परिक आकर्षण का अनुभव, आक्रमण होने पर भय या क्रोध का अनुभव , जीतने पर प्रसन्नता , तृप्ति या सुख का अनुभव\| तात्पर्य यह है कि जिन्हें हम मानवीय अनुभूतियां कहते हैं , सामान्य परिस्थितियों में कुछ वैसी ही अनुभूतियां जानवरों और पक्षियों को भी होती हैं ।<br>परन्तु क्या वनस्पति - जगत के असंख्य अचर जीव - रूपों में भी अनुभूतियां होती हैं या वे केवल भाव-शून्य प्राणी हैं और कुछ भी महसूस नहीं करते ? क्या निर्जीव या जड़ पदार्थ चेतन - तत्त्व से ( जो जीवन की निशानी है ) सर्वथा शून्य हैं ? ये अनेक प्रश्न थे जिन पर कवि - कल्पना तो दौड़ी थी लेकिन वैज्ञानिक रीति से अनुसंधान और परीक्षण करके कोई प्रामाणिक बात किसी ने नहीं बताई थी । शकुंतला की विदाई तथा राम - वन - गमन के समय द्रुम - लताओं ने भी शोक प्रकट किया था । प्रेमी की तरह विरह - वेदना से पीड़ित होकर रात भी रोती है और अग्निपिंड सितारे भी आँसू बहाते हैं । | |

| | | |
|---|---|---|
| I.<br>II.<br>III.<br>IV.<br>V. | डार्विन ने कौन सी  पुस्तक लिखी थी और कब?<br>जानवरों और पक्षियों को भी किस प्रकार की अनुभूतियाँ होती हैं?<br>किन प्रश्नों पर कवि कल्पना हुई हैं, किन्तु अनुसंधान नहीं हुआ है?<br>शकुंतला की विदाई तथा राम-वन-गमन के समय किसने शोक प्रकट किया?<br>उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए\| | 2<br>2<br>2<br>2<br>1 |
| प्रश्न सं. 2 | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>दो वर्तमान का सत्य सरल,<br>सुंदर भविष्य के सपने दो<br>हिंदी है भारत की बोली<br>तो अपने आप पनपने दो<br>यह दुखड़ों का जंजाल नहीं,<br>लाखों मुखड़ों की भाषा है<br>थी अमर शहीदों की आशा,<br>अब जिंदों की अभिलाषा है<br>मेवा है इसकी सेवा में,<br>नयनों को कभी न झंपने दो<br>हिंदी है भारत की बोली<br>तो अपने आप पनपने दो<br>क्यों काट रहे पर पंछी के,<br>पहुंची न अभी यह गांवों तक<br>क्यों रखते हो सीमित इसको<br>तुम सदियों से प्रस्तावों तक<br>औरों की भिक्षा से पहले,<br>तुम इसे सहारे अपने दो<br>हिंदी है भारत की बोली<br>तो अपने आप पनपने दो<br>श्रृंगार न होगा भाषण से<br>सत्कार न होगा शासन से<br>यह सरस्वती है जनता की | |

| | | |
|---|---|---|
| | पूजो, उतरो सिंहासन से<br>इसे शांति में खिलने दो<br>संघर्ष-काल में तपने दो<br>हिंदी है भारत की बोली<br>तो अपने आप पनपने दो | |
| I.<br>II.<br>III. | भारत की बोली किसे कहा गया है और इसे जनता का सरस्वती क्यों कहा गया है?<br>'थी अमर शहीदों की आशा, अब जिंदों की अभिलाषा है' पंक्ति से क्या आशय है?<br>प्रस्तुत पद्यांश में वर्णित भारत की बोली का विकास कैसे संभव है? | 2<br>2<br>2 |
| | **खंड- 'ख'**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न सं. 3 | शब्द पद का कब रूप ले लेते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये\|<br>अथवा<br>शब्द और पद के अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये? | 2 |
| प्रश्न सं. 4 | नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिये-<br>(i) रेशमा बीमार है इसलिए स्कूल नहीं गई\| ( सरल वाक्य)<br>(ii) रात को आकाश में तारों का मेला लग गया\| (संयुक्त वाक्य)<br>(iii) मरीज़ को दवाई पीते ही उल्टी हो गई\| (मिश्र वाक्य)<br>(iv) रचना ने ऐसी कहानी सुने कि नम्रता रो पड़ी\| (संयुक्त वाक्य) | 1x3=3 |
| प्रश्न सं. 5 (क) | निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए-<br>(i) देशभक्त<br>(ii) पंचवटी<br>(iii) यथाशक्ति | 2 |
| प्रश्न सं. 5 (ख) | निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त-पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-<br>(i) आत्म पर विश्वास<br>(ii) गिरी को धारण करने वाला<br>(iii) दिन ही दिन में | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न सं. 6 | निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए-<br>(i) भारत का संस्कृति विश्व-प्रसिद्ध है\|<br>(ii) मेरेको कहाँ ले जा रहे हो?<br>(iii) खरगोश को काटकर गाज़र खिलाओ\|<br>(iv) मुफ़्त आँखों का इलाज़ यहाँ होता है\|<br>(v) केवल मात्र यही फल बचे हैं\| | 4 |
| प्रश्न सं. 7 | रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरे के साथ कीजिए-<br>(i) वह अपने अपराधबोध के कारण मुझसे ___________लगा\|<br>(ii) हमारे देश के वीर सैनिकों ने दुश्मनों के ___________कर दिए\|<br>(iii) शहीदों के बलिदान के बारे में सुनकर मेरी ________ आई\| | 2 |
| | **खंड- 'ग'**<br>**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पुस्तक)** | |
| प्रश्न सं. 8 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | |
| | (i) सुभाष-बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?<br>(ii) प्रकृति में आये असंतुलन का क्या परिणाम हुआ?<br>(iii) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना तांबे से क्यों की गई है?<br>अथवा<br>सवार ने क्यों कहा कि वजीर अली की गिरफ्तारी क्यों मुश्किल है? | 2<br>2<br>1 |
| प्रश्न सं. 9 | 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर बड़े भाई साहब की चारित्रिक विशेषताओं का अपने शब्दों में वर्णन कीजिये\|<br>अथवा<br>वज़ीर अली की बहादुरी का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए\| | 5 |
| प्रश्न सं. 10 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | |
| | (i) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?<br>(ii) विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी संभाल क्यों होती है?<br>(iii) मीराबाई ने कृष्ण के रूप-सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है?<br>अथवा | 2<br>2<br>1 |

| | | |
|---|---|---|
| | गीत में ऐसी क्या खास बात होती है कि वे जीवन भर याद रह जाते हैं? | |
| प्रश्न सं. 11 | ‘कर चले हम फ़िदा’ गीत के प्रतिपाद्य को अपने शब्दों में लिखिए?<br>अथवा<br>‘मनुष्यता’ कविता के माध्यम से कवि क्या सन्देश देना चाहता है? विस्तार से लिखिए\| | 5 |
| प्रश्न सं. 12 | समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है ? इस विषय में ‘हरिहर काका’ पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिये\|<br>अथवा<br>टोपी और इफ्फन की दादी अलग-अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बंधे थे\| इस कथन के आलोक में अपने विचार प्रकट कीजिये\| | 5 |
| | **खंड-‘घ’**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| प्रश्न सं. 13 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-<br>**(क) सोशल मीडिया और छात्र**<br>सोशल मीडिया का प्रभाव<br>सोशल मीडिया के लाभ<br>सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव<br>**(ख) जल संरक्षण**<br>प्रकृति का अनमोल वरदान<br>आवश्यकता<br>लाभ<br>**(ग) कामकाजी नारी और उसकी समस्याएँ**<br>दोहरा कार्यभार<br>समाज का असुरक्षित वातावरण<br>परिवार के सहयोग की अपेक्षा | 5 |
| प्रश्न सं. 14 | कुछ समय पहले आपने मोबाइल खरीदा था, जो अनेक कमियों के कारण आपके लिए समस्या बना हुआ है\| अपनी इस समस्या की जानकारी देते हुए विक्रेता के नाम पत्र लिखिए, जहाँ से | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | आपने वह खरीदा था\|<br>अथवा<br>किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार के विषय में अपने विचार प्रकट कीजिये\| | |
| प्रश्न सं. 15 | विद्यालय की हिंदी- पत्रिका के लिए रचनाएँ आमंत्रित करने हेतु 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिये\|<br>अथवा<br>आपसे आठवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र विद्यालय में कहीं खो गया है, इस सन्दर्भ में 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिये\| | 5 |
| प्रश्न सं. 16 | मोहल्ले में सफाई की व्यवस्था पर दो मित्रों के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए\|<br>अथवा<br>कॉलोनी में हो रहे अनधिकृत निर्माण पर चर्चा करते हुए दो नागरिकों के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए\| | 5 |
| प्रश्न सं. 17 | अपनी पुरानी घड़ी बेचने के लिए (25-50 शब्दों में) विज्ञापन तैयार कीजिये\|<br>अथवा<br>आपने अपने घर पर चित्रकला सिखाने के लिए एक संस्थान खोला है\| इस सन्दर्भ में (25-50 शब्दों में) विज्ञापन तैयार कीजिये\| | 5 |

****************